| |
|---|
| दिनांक 12.06.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 13/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 की जनरल आफीसर कमाण्डिंग इन चीफ मध्य कमान से शिष्टाचार भेंट

**श्री प्रशान्त कुमार** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से आज दिनांक 12.06.2024 को पुलिस मुख्यालय लखनऊ में लेफ्टिनेंट जनरल **श्री एन0एस0 राजा सुब्रमणि,** PVSM (परम विशिष्ट सेवा मेडल), AVSM (अतिविशिष्ट सेवा मेडल), SM (सेना मेडल), VSM (विशिष्ट सेवा मेडल), जनरल आफीसर कमाण्डिंग इन चीफ मध्य कमान (भारतीय सेना) द्वारा शिष्टाचार भेंट की गयी ।

मुलाकात के दौरान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 व लेफ्टिनेंट जनरल द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किये गये तथा सामरिक महत्व एवं सुरक्षा के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी।





## जनपद खीरी/थाना खीरी

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 12.06.2024 को थाना खीरी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मरखापुर बार्डर के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त फहीम को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद खीरी के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, सीएस एक्ट, गुण्डा एक्ट, आदि के 15 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना खीरी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना खीरी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–फहीम निवासी चिकमंडी मौलवीगंज थाना अमीनाबाद कमिश्नरेट लखनऊ।

## जनपद बाराबंकी/थाना रामसनेहीघाट

- **पुलिस कार्यवाही में 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 12.06.2024 को थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बनीकोडर से ठठेहरा जाने वाली रोड के पास जंगल में बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त गोविन्द घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानो में डकैती, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 11 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना रामसनेहीघाट पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रामसनेहीघाट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—गोविन्द निवासी ग्राम भुड़ेहरी थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद ललितपुर/थाना तालबेहट

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 04 लाख 82 हजार 126 रूपये नगद**
- **02 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 11/12.06.2024 की रात्रि थाना तालबेहट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—अवधेश 2—जितेन्द्र घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर रेलवे स्टेशन के पास से अभियुक्त 3—अनिल 4—शिवदयाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 04 लाख 82 हजार 126 रूपये नगद (लूट का सत प्रतिशत), 02 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 10.06.2024 को थाना तालबेहट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना तालबेहट पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना तालबेहट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अवधेश निवासी कड़ेसराकलां थाना तालबेहट जनपद ललितपुर।

2—जितेन्द्र निवासी कड़ेसराकलां थाना तालबेहट जनपद ललितपुर।

3—अनिल निवासी कड़ेसराकलां थाना तालबेहट जनपद ललितपुर।

4—शिवदयाल निवासी कड़ेसराकलां थाना तालबेहट जनपद ललितपुर।

**बरामदगी**

1—लूट के 04 लाख 82 हजार 126 रूपये नगद।

2—02 मोबाइल फोन।

3—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद कौशाम्बी/थाना सैनी

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 03 लाख 69 हजार रूपये नगद**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मारूती कार बरामद**

दिनांक 11/12.06.2024 को थाना सैनी, थाना मंझनपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मधवामई के पास चेकिंग के दौरान पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्तों 1— मो0समीर घायल सहित अभियुक्त 2— गौरव 3— बादल को

गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 03 लाख 69 हजार रूपये नगद, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मारूती कार बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 10.06.2024 को थाना सैनी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सैनी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सैनी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मो0समीर निवासी समदा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी।

2—गौरव निवासी परसरा चौराहा भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी।

3—बादल निवासी कृष्णानगर कस्बा व थाना करारी जनपद कौशाम्बी।

**बरामदगी**

1—लूट के 03 लाख 69 हजार रूपये नगद।

2—03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3—घटना में प्रयुक्त 01 मारूती कार।

## जनपद गाजीपुर/थाना जमानिया

- **02 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ 25 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 670 ग्राम अवैध हेरोइन**
- **01 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनांक 11.06.2024 को थाना जमानिया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जमानिया गंगापुल के पास से 02 मादक पदार्थ तस्करों

1–शुभम उर्फ राजू 2–विनोद कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 25 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 670 ग्राम अवैध हेरोइन, 01 दो पहिया वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना जमानिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शुभम उर्फ राजू निवासी कुर्रा थाना मोहनियाँ जनपद कैमूर भभुआ बिहार।

2–विनोद कुमार निवासी रामपुर थाना राजपुर भभुआ बिहार।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 करोड़ 25 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 670 ग्राम अवैध हेरोइन।

2–01 दो पहिया वाहन।

## जनपद मुरादाबाद/थाना सिविल लाइन्स

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **78 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद**

दिनांक 12.06.2024 को थाना सिविल लाइन्स पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आदर्श कॉलोनी के पास से 03 अभियुक्तों 1–विशाल 2–विकास 3–पीयूष को गिरफ्तार किया गया, दो अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गये, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 78 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त विशाल के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 06 अभियोग, अभियुक्त विकास के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद के विभिन्न थानो में एनडीपीएस एक्ट, आबकारी एक्ट आदि के 04 अभियोग एवं अभियुक्त पीयूष के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद के विभिन्न थानो में आबकारी एक्ट आदि के 02 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन्स पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विशाल निवासी आदर्श कॉलोनी थाना सिविल लाइन्स जनपद मुरादाबाद।

2–विकास निवासी आदर्श कॉलोनी थाना सिविल लाइन्स जनपद मुरादाबाद।

3–पीयूष निवासी आदर्श कॉलोनी थाना सिविल लाइन्स जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगी**

1–78 किलोग्राम अवैध गांजा।

- **जनपद सोनभद्र/थाना अनपरा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 02 लाख 25 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सोनभद्र द्वारा थाना अनपरा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 366/376 भादवि, 3/4 पॉक्सो एक्ट व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त मो0गनी को आजीवन कारावास व 02 लाख 25 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———––